delhi_Page 1 and 2 14/04/2015 09:37 Page 1


# ओमशान्ति मीडिया

मूल्यनिष्ठ समाज की रचना के लिए समर्पित

वर्ष - 16 अंक-2 अप्रैल-II, 2015 पाक्षिक माउण्ट आबू ‘8.00


# महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु मीडिया अहम भूमिका निभाये - प्रो. कप्तान सिंह सोलंकी

**मोहाली।** महिला सशक्तिकरण के बिना कोई समाज व देश उन्नति नहीं कर सकता। महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु मीडिया को जनमत तैयार करने में अपनी अहम भूमिका निभानी चाहिए। ये विचार ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सुख शांति भवन में हरियाणा व पंजाब के राज्यपाल प्रो.कप्तान सिंह सोलंकी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'महिला सशक्तिकरण में मीडिया की भूमिका' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय मीडिया सेमीनार को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि जनमत ही महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए बहुत सार्थक हो सकता है जिससे लोगों की महिलाओं के प्रति सोच में परिवर्तन आ सकता है। किसी भी राष्ट्र के विकास के लिए सशक्त होना ज़रूरी है।



मोहाली। कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित करते हुए राज्यपाल प्रो.कप्तान सिंह सोलंकी, बीबी परमजीत कौर लांडरां, ब्र.कु.अमीरचंद, ब्र.कु.प्रेमलता , ब्र.कु.सुशांत तथा अन्य।

उन्होंने आगे कहा कि कोई भी परिवार जहाँ महिला दु:खी हो वह परिवार खुश नहीं हो सकता। बिना महिला के तो कोई परिवार ही नहीं कहला सकता। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपनी ज़िम्मेवारी, दायित्व, आर्थिक आज़ादी, अधिकारों के प्रति जागरुक होना बहुत महत्व रखता है, जिसके लिए मीडिया भी अपना बहुत बड़ा योगदान कर सकता है। सेमिनार को संबोधित करते हुए प्रो.कमल दीक्षित, ने कहा कि हमारे मूल्य यहाँ तक सवालों के घेरे में आ गए हैं कि हमें ऐसे सेमिनार करवाने की ज़रूरत महसूस हो रही है। उन्होंने कहा कि समय आ चुका है कि मीडिया मानवीय मूल्यों को उजागर करके महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए आगे आए।

हिंदुस्तान टाइम्स के स्थानीय संपादक रमेश विनायक ने महिलाओं की शिक्षा पर ज़ोर देते हुए कहा कि यदि पुरुष को शिक्षा देंगे तो वह अकेले पुरुष के लिए होगी परंतु यदि महिला को शिक्षा देंगे तो आने वाली पीढ़ियां शिक्षित होंगी। सेमिनार को संबोधित करते हुए पंजाब, चंडीगढ़ व हिमाचल के दैनिक भास्कर के स्टेट हेड दीपक धीमान ने कहा कि मीडिया सदा आम लोगों की सहायता के लिए आगे आया है, जब लोगों ने उसकी ज़रूरत समझी और मीडिया ने बेखौफ होकर सनसनीखेज़ खुलासे किये।

सेमिनार में पंजाब राज्य महिला कमीशन की चेयरपर्सन बीबी परमजीत कौर लांडरां ने महिलाओं को नगर परिषदों व पंचायतों में 33 प्रतिशत रिज़र्वेशन करवाने में मीडिया की भूमिका की सराहना की और कहा कि अब विधानसभा व लोकसभा में भी 33 प्रतिशत रिज़र्वेशन की राह खुल गई है।

सेमिनार को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारीज़ समाज सेवा प्रभाग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ब्र.कु.अमीरचंद ने कहा कि मीडिया को नकारात्मक खबरों से संकोच करना चाहिए। इस अवसर पर माउण्ट आबू से मीडिया प्रभाग के मुख्यालय संयोजक ब्र.कु.शांतनु, मोहाली-रोपड़ क्षेत्र के राजयोग केन्द्रों की निदेशिका ब्र.कु.प्रेमलता व पंजाब केसरी दिल्ली की ब्यूरो प्रमुख डॉ.उमा शर्मा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर नगर के अनेक विशिष्ट व्यक्ति जैसे उप मंडल अधिकारी लखमीर सिंह, नगर निगम के आयुक्त उमा शंकर गुप्ता आदि भी उपस्थित थे।

## ब्रह्माकुमार सूर्य चाणक्य एवार्ड से सम्मानित



पी.सी.आर.आई. के चेयरमैन एम. बी. जयराम, वाइस प्रेसीडेंट बी.एन.कुमार, केन्द्रीय आदिवासी एवं जनजाति मंत्री जुल ओराम ब्र.कु.सूर्य भाई को चाणक्य एवार्ड प्रदान करते हुए। साथ हैं ब्र.कु.उर्मिल।

**दिल्ली।** पब्लिक रिलेशन कॉन्सिल ऑफ इण्डिया के द्वारा मार्च 2015 में चाणक्य एवार्ड देकर ब्र.कु. सूर्य भाई को सम्मानित किया गया। निरन्तर मानवता की नि:स्वार्थ सेवा, पूरे विश्व में अध्यात्म के प्रति जागरुकता लाने एवं अपने प्रेरणादायी सम्बोधन द्वारा अनेकों का जीवन परिवर्तन करने के लिए पी.सी.आर. आई. के चेयरमैन एम. बी. जयराम, वाइस प्रेसीडेंट बी.एन.कुमार एवं केन्द्रीय आदिवासी एवं जनजाति मंत्री जुल ओराम द्वारा यह एवार्ड प्रदान किया गया। इस अवसर पर अनेक विशिष्ट अतिथिगण उपस्थित थे।

## ग्लोबल सी.एस.आर.एक्सिलेंसी एवार्ड

ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के द्वारा समाज में आध्यात्मिक जागृति फैलाकर कुशलतापूर्वक समाजिक उत्तरदायित्व निभाने के हेतु ग्लोबल सी.एस.आर.एक्सिलेंसी एवार्ड - 2015 से नवाज़ा गया। यह एवार्ड मुम्बई के ताज लैंड होटल में दिया गया। देशभर से आये करीब 1000 उद्योगपतियों एवं कई और विभूतियों को भी सम्मानित किया गया। ब्रह्माकुमारी संस्थान तथा लार्सन एण्ड टुब्रो कम्पनी के बीच समझौते के तहत समाजिक दायित्व तथा ऊर्जा संरक्षण के लिए उल्लेखनीय कार्य किये गये हैं। ग्लोबल सी.एस.आर. एसोसिएशन द्वारा प्रति वर्ष सामाजिक दायित्व के उत्कृष्ट कार्यों के लिये इस एवार्ड से सम्मानित किया जाता है। यह एवार्ड ब्रह्माकुमारी संस्था के अतिरिक्त महासचिव बी.के. रमेश शाह, ग्लोबल सी.एस.आर. कार्यकारी के निदेशक बी.के. हरि लाल तथा आई. टी को-ऑर्डिनेटर ब्र.कु. यशवन्त के उपस्थिति में दिया गया।






ग्लोबल सी. एस. आर. एसोसिएशन द्वारा प्राप्त एवार्ड दादी रतनमोहिनी को प्रदान करते हुए ब्र.कु. यशवंत साथ में है ब्र.कु.हरीलाल।